## दिनांक 04.04.2022 को जिलाधिकारी, महराजगंज की अध्यक्षता में सम्पन्न जल जीवन मिशन के कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जनपद महराजगंज में जल जीवन मिशन "हर घर जल" कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 04.04.2022 को अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में सम्पन्न की गयी। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम, सहायक अभियन्ता जल निगम, जूनियर इंजीनियर (तकनीकी) जल निगम, प्रोजेक्ट मैनेजर मैं0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज एवं फर्म मेसर्स मेघज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0 के डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर उपस्थित रहें।

**रेट्रोफिटिंग योजनायें–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में पूर्व से संचालित 32 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाये रेट्रोफिटिंग कार्य हेतु चयनित है, जिसमें गृह संयोजन का कार्य कराया जाना था। वर्तमान तक 31 पेयजल योजनाओं पर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत गृह संयोजन (FHTC) के कार्य पूर्ण कराये गये है शेष 1 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना महुअवा अड्डा को ड्राप हेतु शासन को भेजा गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम को 31 नग योजनाये जिन पर रेट्रोफिटिंग के अन्तर्गत (FHTC) कार्य कराये गये है की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

**निर्माणाधीन पाईप पेयजल योजनायें–**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत 3 नग ग्रामीण पेयजल योजनाये एवं मा0 सांसद आदर्श ग्राम की 1 नग ग्रामीण पाइप पेयजल योजना को सम्मिलित करते हुये 38 नग ग्रामीण पाईप पेयजल योजनाये निर्माणाधीन है, जिसके सापेक्ष 14 नग पाइप पेयजल योजनाओं के सिविल कार्य पूर्ण है, जिसमें 6 नग योजनाये विद्युत/यॉन्त्रिक कार्य सहित पूर्ण एवं टेस्टिंग फेज में है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनाओं की धीमी प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुये समस्त योजनाओं को माह–जून 2022 तक पूर्ण कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिये गये। साथ ही पूर्ण की गयी 10 योजनाओं की सूची उपलब्ध कराये जाने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिये गये।

**(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)**

**जे0जे0एम0–फेज–II (जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.)**

अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जे0जे0एम0–फेज–II के अन्तर्गत चयनित 446 राजस्व ग्रामों में फर्म मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.) द्वारा पाइप पेयजल योजनाओ के माध्यम से प्रत्येक परिवार को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाना है। वर्तमान तक फर्म मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट द्वारा 446 ग्रामों के सापेक्ष 290 ग्रामों के डी0पी0आर0 जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से अनुमोदन उपरान्त SWSM को स्वीकृति हेतु पूर्व में प्रेषित किये गये है इसके अतिरिक्त 102 राजस्व ग्रामों के डी0पी0आर0 जल निगम कार्यालय में प्रस्तुत किये गये जिसे तकनीकी स्वीकृति हेतु उच्चाधिकारी को प्रेषित किया गया है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 12.04.2022 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक प्रस्तावित करते हुये 69 नग डी0पी0आर0 बैठक में प्रस्तुत करते हुये शेष डी0पी0आर0 को शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये।



Scanned with OKEN Scanner

अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गर LSSC से स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 155 नग योजनाओं का कवर एग्रीमेन्ट SWSM -जनवरी में प्राप्त हुआ जिसके सापेक्ष 45 नग योजनाओं पर ही कार्य प्रारम्भ कराये गये हस्ताक्षरी द्वारा मेसर्स जे.एम.सी. प्रोजेक्ट के मैनेजर से कार्य की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में करने पर प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा मैटेरियल के प्राक्युरमेन्ट में विलम्ब होने के कारण कार्यो ी प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अत्यन्त रोष प्रकट करते हुये मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्टस द्वारा कार्यो की धीमी प्रगति के सम्बन्ध में पत्र उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने के निर्देश अधिशासी अभियन्ता जल निगम को दिये गये एवं दिनांक 12.04.2022 को प्रस्तावित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक तक 100 से अधिक पेयजल योजनाओं पर कार्य प्रारम्भ कराये जाने के निर्देश मेसर्स जे.एम.सी.प्रोजेक्ट को दिये गये।

(कार्यवाही अधिशासी अभियन्ता, जल निगम)

8/4/22

(जिलाधिकारी)
महराजगंज।

पत्रांक 372/ सि-40 /13 दिनांक। 11/04/2022

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, महराजगंज।
2. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महराजगंज।
3. प्रोजेक्ट मैनेजर मे0 जे.एम.सी.प्रोजेक्ट एवं एल.सी.ई.एस.पी.एस.(जे.वी.), महराजगंज
4. डिप्टी प्रोजेक्ट मैनेजर फर्म मेसर्स मेधज टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0लि0।
5. मेसर्स आरवी एशोसिएट्स (डी0पी0एम0यू0) महराजगंज।

(जिलाधिकारी)
महराजगंज।

Scanned with OKEN Scanner